भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

29.08.2025 -अखिल भारतीय



भारतीय जीवन बीमा निगम ने भारत सरकार को सौंपा लाभांश चेक

भारतीय जीवन बीमा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक श्री आर. दुरैस्वामि ने आज माननीय केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को 7324.34 करोड़ रुपये का लाभांश चेक प्रदान किया। यह भारत सरकार के लाभांश हिस्से के रूप में है, जिसे 26 अगस्त, 2025 को आयोजित वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित किया गया ।

इस अवसर पर भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग के सचिव श्री नागराजु एम., तथा संयुक्त सचिव डॉ. प्रशांत कुमार गोयल, भारतीय जीवन बीमा निगम के अधिकारीगण, प्रबंध निदेशक श्री सतपाल भानु, प्रबंध निदेशक श्री दिनेश पंत, प्रबंध निदेशक श्री रत्नाकर पटनायक और उत्तरी क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक (प्रभारी) श्री जे.पी.एस. बजाज उपस्थित थे।

एलआईसी अपनी स्थापना के 69 गौरवशाली वर्ष पूरा कर रही है और 31 मार्च 2025 तक निगम की परिसंपत्ति 56.23 लाख करोड़ रुपये की हो गयी है। निगम भारतीय जीवन बीमा बाजार में अपना अग्रणी स्थान बनाए हुए है।

दिनांक 29 अगस्त, 2025 को मुंबई में प्रकाशित

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें -
कार्यकारी निदेशक (सीसी), भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई ।
ईमेल आईडी: ed_cc@licindia.com
हमारी वेबसाइट www.licindia.in पर जाएँ।

हम आशा करते हैं कि यह समाचार आपके पाठकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। हम आपके द्वारा इसके शीघ्र प्रकाशन हेतु आभारी रहेंगे, यद्यपि इसका निर्णय पूर्णत: आपके विवेक पर निर्भर है।